**Series ZZYY1/4**

**SET-3**

**प्रश्न-पत्र कोड**
**Q.P. Code** **32/4/3**

*रोल नं.*
*Roll No.*

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# सामाजिक विज्ञान
# SOCIAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*
*Time allowed : 3 hours* *Maximum Marks : 80*

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **21 + एक मानचित्र** हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **37** प्रश्न हैं।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका में कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।
- Please check that this question paper contains **21** printed pages + **ONE MAP.**
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **37** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question in the answer-book before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

#



https://www.evidyarthi.in/

*सामान्य निर्देश :*

***निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए :***

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल **37** प्रश्न हैं, **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र में **छः खण्ड – क, ख, ग, घ, ड़** तथा **च** हैं।*

*(iii)* ***खण्ड – क** : प्रश्न सं. 1 से 20 तक बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है।*

*(iv)* ***खण्ड – ख** : प्रश्न सं. 21 से 24 तक अति लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **2** अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 40 शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए।*

*(v)* ***खण्ड – ग** : प्रश्न सं. 25 से 29 लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 60 शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए।*

*(vi)* ***खण्ड – घ** : प्रश्न सं. 30 से 33 दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 120 शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए।*

*(vii)* ***खण्ड – ड़** : प्रश्न सं. 34 से 36 **केस आधारित / स्रोत आधारित** प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में 3 उप प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है।*

*(viii)* ***खण्ड – च** : प्रश्न सं. 37 **मानचित्र कौशल आधारित** है। यह प्रश्न **5** अंकों का, 37 (i) इतिहास से (**2** अंक) और 37 (ii) भूगोल से (**3** अंक) है।*

*(ix)* *इस प्रश्न-पत्र में समग्र रूप से विकल्प का प्रावधान नहीं है। फिर भी कुछ प्रश्नों में आन्तरिक विकल्प दिए गए हैं। ऐसे प्रश्नों में से केवल **एक** विकल्प का उत्तर लिखना है।*

*(x)* *इसके अतिरिक्त प्रत्येक खण्ड और प्रश्न के साथ, जहाँ भी आवश्यक है, पृथक से निर्देश दिए गए हैं।*

## खण्ड – क

**(बहुविकल्पीय प्रश्न)** **(20×1=20)**

**1.** विश्व में अधिकतर लोग किस प्रकार की सरकार को पसंद करते हैं ? **1**

(a) लोकतांत्रिक

(b) सैन्य

(c) तानाशाही

(d) धर्म आधारित

**2.** भारत सरकार ने 1991 में व्यापार नियमों को उदार क्यों बनाया ? **1**

(a) सरकार विदेशी मुद्रा को भारतीय मुद्रा के बराबर बनाए रखना चाहती थी।

(b) सरकार पश्चिमी देशों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहती थी।

(c) सरकार चाहती थी कि भारतीय उत्पादक विश्व बाज़ार में प्रतिस्पर्धा करें।

(d) सरकार चाहती थी कि सभी को सामाजिक-आर्थिक न्याय मिले।



https://www.evidyarthi.in/

***GENERAL INSTRUCTIONS :***

***Read the following instructions very carefully and follow them :***

*(i)* *This question paper contains **37** questions. **All** questions are compulsory.*

*(ii)* *Question paper comprises **six** Sections – **A, B, C, D, E** and **F**.*

*(iii)* ***Section A** – Question no. 1 to 20 are Multiple Choice Questions of **1** mark each.*

*(iv)* ***Section B** – Question no. 21 to 24 are Very Short Answer Type Questions, carrying **2** marks each. Answer to each question should not exceed 40 words.*

*(v)* ***Section C** – Question no. 25 to 29 are Short Answer Type Questions, carrying **3** marks each. Answer to each question should not exceed 60 words.*

*(vi)* ***Section D** – Question no. 30 to 33 are Long Answer Type Questions, carrying **5** marks each. Answer to each question should not exceed 120 words.*

*(vii)* ***Section E** – Question no. 34 to 36 are **Case based/Source based** questions with three sub questions and are of **4** marks each.*

*(viii)* ***Section F** – Question no. 37 is **map skill based,** carrying **5** marks with two parts, 37(i) from History (**2** marks) and 37(ii) from Geography (**3** marks).*

*(ix)* *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions. Only **one** of the choices in such questions have to be attempted.*

*(x)* *In addition to this, separate instructions are given with each section and question, wherever necessary.*

## SECTION – A (20×1=20)
## (Multiple Choice Questions)

**1.** Which type of government is likely to be more acceptable to the people in the world ? **1**

(a) Democratic

(b) Military

(c) Dictatorship

(d) Theocratic

**2.** Why did the Indian government liberalize trade regulations in 1991 ? **1**

(a) Government wanted foreign exchange equivalent to Indian Currency.

(b) Government wanted to maintain good relations with Western Countries.

(c) Government wanted Indian producers to compete in the World Market.

(d) Government wanted to provide socio-economic justice to all.



https://www.evidyarthi.in/

**3.** भारत में निम्नलिखित क्षेत्रकों में से 'सकल घरेलू उत्पाद' में किसकी हिस्सेदारी सर्वाधिक है ? **1**

(a) प्राथमिक

(b) द्वितीयक

(c) तृतीयक

(d) चतुर्थक

**4.** निम्नलिखित देशों में से किसका मानव विकास सूचकांक में बेहतर स्थान है ? **1**

(a) अफ़गानिस्तान (b) म्यांमार

(c) भारत (d) नेपाल

**5.** निम्नलिखित में से कौनसा युग्म सही मिलान है ? **1**

(a) जलोढ़ मृदा – जिसमें रेत और सिल्ट होती है।

(b) काली मृदा – जिसमें नमक की मात्रा बहुत अधिक होती है।

(c) शुष्क मृदा – जिसमें क्रिस्टलीय लोहे का प्रसार होता है।

(d) लैटेराइट मृदा – जो लावा प्रवाह से बनी होती है।

**6.** स्तंभ-1 का मिलान स्तंभ-2 से कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

| **स्तंभ – 1 (संसाधन)** | **स्तंभ – 2 (उदाहरण)** |
|---|---|
| (I) जैव | 1. कोयला |
| (II) नवीकरणीय | 2. वन्य-जीव |
| (III) अनवीकरणीय | 3. सौर-ऊर्जा |

**विकल्प :**

| | I | II | III |
|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 2 |
| (b) | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 2 | 3 | 1 |
| (d) | 1 | 2 | 3 |

**7.** निम्नलिखित में से कौनसा लौह धातु का उदाहरण है ? **1**

(a) तांबा (b) जस्ता

(c) बॉक्साइट (d) निकल



https://www.evidyarthi.in/

**3.** Which one of the following sectors contribute highest in the GDP of India ? **1**

(a) Primary

(b) Secondary

(c) Tertiary

(d) Quaternary

**4.** Which of the following countries has better rank in Human Development Index ? **1**

(a) Afghanistan (b) Myanmar

(c) India (d) Nepal

**5.** Which of the following is correctly matched ? **1**

(a) Alluvial Soil - Consist of sand and silt

(b) Black Soil - Salt content is high

(c) Arid Soil - Diffusion of iron in crystalline

(d) Laterite Soil - Made up of Lava flows

**6.** Match the column - 1 with column - 2 and choose the correct option : **1**

| **Column - 1 (Resources)** | | **Column - 2 (Example)** |
|---|---|---|
| (I) Biological | 1. | Coal |
| (II) Renewable | 2. | Wildlife |
| (III) Non-renewable | 3. | Solar Energy |

**Options :**

| | I | II | III |
|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 2 |
| (b) | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 2 | 3 | 1 |
| (d) | 1 | 2 | 3 |

**7.** Which one of the following is an example of the Ferrous Metal ? **1**

(a) Copper (b) Tin

(c) Bauxite (d) Nickel


https://www.evidyarthi.in/

**8.** निम्नलिखित में से किसने भाप इंजन में सुधार किया ? **1**

(a) जेम्स वॉट (b) थॉमस एडिसन

(c) बेंजामिन फ्रैंकलिन (d) अलेक्जैंडर फ्लेमिंग

**9.** व्यापार के प्रवाह में ऐसे तीन महत्त्वपूर्ण विकास हुए जिन्होंने पूर्व-आधुनिक दुनिया को बहुत छोटा कर दिया। निम्नलिखित विकल्पों में से एक **गलत** की पहचान कीजिए : **1**

(a) व्यापार का प्रवाह (b) श्रम का प्रवाह

(c) पूंजी का प्रवाह (d) प्रौद्योगिकी का प्रवाह

**10.** कैलाशबाशिनी देवी, ताराबाई शिंदे और पंडिता रामाबाई के लेखन के बीच निम्नलिखित में से कौनसा पहलू समान था ? **1**

(a) जनता के लिए आर्थिक समानता की मांग की।

(b) महिलाओं के अनुभवों पर प्रकाश डालना।

(c) सांस्कृतिक विरासत के बारे में जागरूक करना।

(d) भारतीयों को उनकी राष्ट्रीय स्वतंत्रता के लिए प्रेरणा।

**11.** निम्नलिखित को काल-क्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

(I) नेपोलियन युद्ध

(II) वियना संधि

(III) स्वतंत्रता के लिए ग्रीक संघर्ष

(IV) ऑटोमन साम्राज्य में स्लाव राष्ट्रवाद

**विकल्प** :

(a) III, II, I और IV (b) I, II, III और IV

(c) IV, III, II और I (d) IV, II, III और I

**12.** निम्नलिखित में से किस देश में द्वि-दलीय व्यवस्था है ? **1**

(a) चीन (b) रूस

(c) अमेरिका (d) भारत

**13.** बॉक्स में दी गई जानकारी की सहायता से भारत सरकार की प्रशासनिक व्यवस्था की पहचान कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

| |
|---|
| 1. केन्द्र और स्थानीय सरकारों के बीच शक्ति की हिस्सेदारी। |
| 2. राज्य सरकारों को उनके साथ कुछ शक्तियां और राजस्व साझा करने की आवश्यकता होती है। |
| 3. इसे त्रि-स्तरीय सरकार कहा जाता है। |

**विकल्प** :

(a) तानाशाही व्यवस्था (b) एकात्मक संघीय व्यवस्था

(c) विकेन्द्रीकृत व्यवस्था (d) साम्राज्यवादी व्यवस्था



https://www.evidyarthi.in/

**8.** Who among the following improved the steam engine ? **1**

(a) James Watt (b) Thomas Edison

(c) Benjamin Franklin (d) Alexander Fleming

**9.** There were three important developments that greatly shrank the pre-modern world. Identify the **incorrect** one from the following options : **1**

(a) The flow of trade (b) The flow of labour

(c) The flow of capital (d) The flow of technology

**10.** Which one of the following aspects was common among the writings of Kailashbashini Debi, Tarabai Shinde and Pandita Ramabai ? **1**

(a) Demanded economic equality for masses.

(b) Highlighted the experiences of women.

(c) Raised awareness about cultural heritage.

(d) Motivated Indians for their national freedom.

**11.** Arrange the following in chronological order and choose the correct option : **1**

(I) Napoleonic wars

(II) The Treaty of Vienna

(III) Greek Struggle for Independence

(IV) Slav Nationalism in Ottoman Empire

**Options :**

(a) III, II, I and IV (b) I, II, III and IV

(c) IV, III, II and I (d) IV, II, III and I

**12.** Which one of the following countries has two party system ? **1**

(a) China (b) Russia

(c) America (d) India

**13.** Identify the administrative level of Indian Government with the help of the information given in the box and choose the correct option : **1**

1. Power shared between Central to Local Government.
2. The State Governments are required to share some powers and revenue with them.
3. It is called a three tier government.

**Options :**

(a) Dictatorial System (b) Unitary Federal System

(c) Decentralized System (d) Imperialistic System


https://www.evidyarthi.in/

**14.** स्तंभ – A का मिलान स्तंभ – B से कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

| **स्तंभ – A (विषय)** | **स्तंभ – B (सूची)** |
|---|---|
| (I) बैंक | 1. समवर्ती सूची |
| (II) कृषि | 2. संघ सूची |
| (III) शिक्षा | 3. राज्य सूची |
| (IV) कम्प्यूटर | 4. अवशिष्ट विषय |

**विकल्प :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (c) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (d) | 4 | 2 | 1 | 3 |

**15.** नीचे दिए गए प्रश्न में दो कथन, अभिकथन (A) और कारण (R) दिए गए हैं। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

**अभिकथन (A) :** श्रीलंका ने 'तमिल' को राज्य की एकमात्र अधिकारिक भाषा के रूप में अपनाया।

**कारण (R) :** श्रीलंका की सरकार ने बहुसंख्यकपरस्ती के तहत कई कदम उठाए।

**विकल्प :**

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(b) (A) और (R) दोनों सही हैं परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(c) (A) सही है लेकिन (R) गलत है।

(d) (A) गलत है लेकिन (R) सही है।

**16.** सत्ता के बंटवारे से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

(I) बहुसंख्यकवाद लोकतंत्र की वास्तविक आत्मा है।

(II) यह विभिन्न समूहों में संतुलन और सामंजस्य बनाता है।

(III) यह सामाजिक समूहों के बीच संघर्ष की संभावना को कम करता है।

(IV) सत्ता की साझेदारी लोकतंत्र का सार है।



https://www.evidyarthi.in/

**14.** Match column – A with column – B and choose the correct option : **1**

| | **Column – A (Subjects)** | | **Column – B (List)** |
|---|---|---|---|
| (I) | Banks | 1. | Concurrent List |
| (II) | Agriculture | 2. | Union List |
| (III) | Education | 3. | State List |
| (IV) | Computer | 4. | Residuary Subjects |

**Options :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (c) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (d) | 4 | 2 | 1 | 3 |

**15.** Two statements are given below as Assertion (A) and Reason (R). Read the statements and choose the correct option : **1**

**Assertion (A) :** Sri Lanka adopted 'Tamil' as the official language of the State.

**Reason (R) :** The Govt. of Sri Lanka adopted a series of majoritarian measures.

**Options :**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).

(c) (A) is true but (R) is false.

(d) (A) is false but (R) is true.

**16.** Consider the following statements on Power Sharing and choose the correct option : **1**

(I) Majoritarianism is the real spirit of democracy.

(II) It creates balance and harmony in different groups.

(III) It reduces the possibility of conflict among social groups.

(IV) Power sharing is the essence of democracy.



https://www.evidyarthi.in/

विकल्प :

(a) I, II और III

(b) II, III और IV

(c) I, III और IV

(d) I, II और IV

**17.** निम्नलिखित में से कौनसा युग्म सुमेलित है ? **1**

(a) प्राथमिक क्षेत्रक – फूल की खेती करने वाला

(b) द्वितीयक क्षेत्रक – दुग्ध विक्रेता

(c) तृतीयक क्षेत्रक – मछुआरा

(d) विनिर्माण क्षेत्रक – माली

**18.** निम्नलिखित में से कारखानों के श्रमिकों के विकास का कौनसा एक लक्ष्य है ? **1**

(a) बेहतर वेतन

(b) बेहतर तकनीक

(c) काम के अधिक घंटे

(d) अधिक श्रम कार्य

**19.** निम्नलिखित आंकड़ों को पढ़िए और नीचे दिए प्रश्न का उत्तर लिखिए : **1**

| हरियाणा, केरल और बिहार के कुछ तुलनात्मक आँकड़े | | | |
|---|---|---|---|
| **राज्य** | **शिशु मृत्यु दर प्रति हजार व्यक्ति** | **साक्षरता दर %** | **निवल उपस्थिति अनुपात प्रति 100 व्यक्ति** |
| हरियाणा | 30 | 82 | 61 |
| केरल | 7 | 94 | 83 |
| बिहार | 32 | 62 | 43 |

हरियाणा का निवल अनुपस्थिति अनुपात कितना है ? सही विकल्प का चयन कीजिए :

(a) 39

(b) 27

(c) 38

(d) 18



https://www.evidyarthi.in/

**Options :**

(a) I, II and III

(b) II, III and IV

(c) I, III and IV

(d) I, II and IV

**17.** Which one of the following pairs is correctly matched ? **1**

(a) Primary Sector - Flower Cultivator

(b) Secondary Sector - Milk Vendor

(c) Tertiary Sector - Fisherman

(d) Manufacturing Sector - Gardener

**18.** Which one of the following is a developmental goal of the factory workers ? **1**

(a) Better wages

(b) Better technology

(c) More hours of work

(d) More labour work

**19.** Read the following data and answer the question that follow : **1**

| **Some comparative Data on Haryana, Kerala and Bihar** | | | |
|---|---|---|---|
| **State** | **Infant Mortality Rate (per thousand person)** | **Literacy Rate %** | **Net Attendance Ratio (per 100 person)** |
| Haryana | 30 | 82 | 61 |
| Kerala | 7 | 94 | 83 |
| Bihar | 32 | 62 | 43 |

How much is the Net Absence Ratio of Haryana ? Choose the appropriate option from the following :

(a) 39

(b) 27

(c) 38

(d) 18



https://www.evidyarthi.in/

**20.** मानव विकास के विषय में निम्नलिखित कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

(I) यह संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) द्वारा तैयार किया गया एक समग्र सूचकांक है।

(II) इसके मापन के लिए लम्बी उम्र, साक्षरता और प्रति व्यक्ति आय मापदंड हैं।

(III) विकसित और निम्न विकासशील देशों के अनुसार देशों की रैंकिंग की जाती है।

(IV) विश्व बैंक जीवन की गुणवत्ता के आधार पर मानव विकास की रिपोर्ट तैयार करता है।

**विकल्प :**

(a) I और II

(b) II और III

(c) I और III

(d) II और IV

## खण्ड – ख

## (अति लघु–उत्तरीय प्रश्न) (4×2=8)

**21.** **(A)** उन दो खेमों और उनके सहयोगी देशों के नाम लिखिए जिनके बीच प्रथम विश्व युद्ध लड़ा गया। **2**

**अथवा**

**(B)** स्थिर और प्रवाहमयी विनिमय दरों में अंतर स्पष्ट कीजिए। **2**

**22.** भारतीय अर्थव्यवस्था में कपड़ा उद्योग का विशिष्ट स्थान क्यों है ? व्याख्या कीजिए। **2**

**23.** ''हमारे समाज में महिलाएं विभिन्न तरीकों से भेदभाव का सामना करती हैं।'' किन्हीं दो तरीकों की व्याख्या कीजिए। **2**

**24.** ''अलग-अलग लोगों के विकास के लक्ष्य भिन्न हो सकते हैं।'' उदाहरण के साथ इस कथन की पुष्टि कीजिए। **2**

## खण्ड – ग

## (लघु–उत्तरीय प्रश्न) (5×3=15)

**25.** जर्मनी के एकीकरण में ऑटो वॉन बिस्मार्क की भूमिका की व्याख्या कीजिए। **3**



https://www.evidyarthi.in/

**20.** Read the following statements about Human Development and choose the correct option : **1**

(I) It is the composite Index prepared by United Nations Development Programme (UNDP).

(II) Parameters to measure it are Longevity, Literacy and Per Capita Income.

(III) Countries are ranked according to Developed and Low Developing countries.

(IV) World Bank also prepares report of Human Development on the basis of Quality of Life.

**Options :**

(a) I and II

(b) II and III

(c) I and III

(d) II and IV

## SECTION – B
## (Very Short Answer Questions) (4×2=8)

**21.** **(A)** State the names and countries of the two hostile groups that turned each other in the First World War. **2**

**OR**

**(B)** Differentiate between Fixed and Floating exchange rate. **2**

**22.** Why does the textile industry occupy unique position in the Indian economy. Explain. **2**

**23.** "Women face discrimination in various ways in our society." Explain any two ways. **2**

**24.** "Different persons can have different developmental goals." Support the statement with an example. **2**

## SECTION – C
## (Short Answer Questions) (5×3=15)

**25.** Explain the role of Otto Von Bismark in the Unification of Germany. **3**



https://www.evidyarthi.in/

26. सूचना प्रौद्योगिकी, वैश्वीकरण से किस प्रकार से जुड़ी है ? व्याख्या कीजिए। 3

27. भारतीय कृषि के विकास के लिए किए गए किन्हीं तीन संस्थागत सुधारों की व्याख्या कीजिए। 3

28. बहुदलीय प्रणाली के गुणों की व्याख्या कीजिए। 3

29. (A) संगठित और असंगठित क्षेत्रकों में विद्यमान रोजगार परिस्थितियों की तुलना कीजिए। 3

**अथवा**

(B) 'तृतीयक क्षेत्रक' अन्य क्षेत्रकों से किस प्रकार भिन्न है ? व्याख्या कीजिए। 3

## खण्ड – घ

**(दीर्घ–उत्तरीय प्रश्न)** **(4×5=20)**

30. (A) "देश को एकजुट करने के लिए महात्मा गांधी को नमक एक शक्तिशाली प्रतीक दिखाई दिया।" सविनय अवज्ञा आंदोलन के संदर्भ में इस कथन का परीक्षण कीजिए। 5

**अथवा**

(B) समाज के विभिन्न वर्गों में सविनय अवज्ञा आंदोलन की प्रगति की परख कीजिए। 5

31. (A) आधुनिक समय में संचार क्षेत्र में परिवर्तन की तीव्र गति की व्याख्या कीजिए। 5

**अथवा**

(B) भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की विशेषताओं की व्याख्या कीजिए। 5

32. (A) "व्यक्ति की स्वतंत्रता और गरिमा को बढ़ावा देने में लोकतंत्र किसी भी अन्य प्रकार की सरकारों से बहुत बेहतर है।" तर्कों के साथ कथन की पुष्टि कीजिए। 5

**अथवा**

(B) "लोकतंत्र में उत्तरदायी, जिम्मेदार और वैध सरकार का गठन होता है।" तर्कों के साथ कथन की पुष्टि कीजिए। 5

33. (A) ग्रामीण अर्थव्यवस्था में 'स्वयं सहायता समूहों' की भूमिका को न्यायसंगत ठहराइये। 5

**अथवा**

(B) "सस्ता एवं सामर्थ्य के अनुकूल कर्ज़ देश के विकास के लिए अति आवश्यक है।" इस कथन को न्यायसंगत ठहराइये। 5



https://www.evidyarthi.in/

**26.** How is information technology connected with globalization ? Explain. **3**

**27.** Explain any three institutional reforms taken for the development of Indian agriculture. **3**

**28.** Explain the merits of Multi Party System. **3**

**29.** **(A)** Compare the employment conditions prevailing in the organized and unorganized sector. **3**

**OR**

**(B)** Explain how 'Tertiary Sector' is different from other sectors. **3**

## SECTION – D
### (Long Answer Questions) (4×5=20)

**30.** **(A)** "Mahatma Gandhi found in salt a powerful symbol that could unite the nation." Examine the statement in context of Civil Disobedience Movement. **5**

**OR**

**(B)** Examine the progress of the Civil Disobedience Movement among different strata of society. **5**

**31.** **(A)** Explain the rapid transformation in the communication sector in the modern times. **5**

**OR**

**(B)** Explain the characteristics of International trade of India. **5**

**32.** **(A)** "Democracy stands much superior to any other forms of governments in promoting dignity and freedom of the individual." Support the statement with arguments. **5**

**OR**

**(B)** "Democracy produces an accountable, responsive and legitimate government." Support the statement with arguments. **5**

**33.** **(A)** Justify the role of 'Self Help Groups' in the rural economy. **5**

**OR**

**(B)** "Cheap and affordable credit is crucial for the country's development." Justify the statement. **5**



https://www.evidyarthi.in/

**खण्ड – ङ**

**(केस आधारित/स्रोत आधारित प्रश्न)** **(3×4=12)**

**34.** **दिए गए स्रोत को पढ़िए और नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

**वर्षा जल संग्रहण**

बहुत से लोगों का मानना है कि बहुउद्देशीय परियोजनाओं के अलाभप्रद असर और उन पर उठे विवादों के चलते वर्षाजल संग्रहण तंत्र इनके सामाजिक-आर्थिक और पारिस्थितिक तौर पर व्यवहार्थ विकल्प हो सकते हैं। प्राचीन भारत में उत्कृष्ट जलीय निर्माणों के साथ-साथ जल संग्रहण ढाँचे भी पाए जाते थे। लोगों को वर्षा पद्धति और मृदा के गुणों के बारे में गहरा ज्ञान था। उन्होंने स्थानीय पारिस्थितिकीय परिस्थितियों और उनकी जल आवश्यकतानुसार वर्षाजल, भौमजल, नदी जल और बाढ़ जल संग्रहण के अनेक तरीके विकसित कर लिए थे। पहाड़ी और पर्वतीय क्षेत्रों में लोगों ने 'गुल' अथवा 'कुल' (पश्चिमी हिमालय) जैसी वाहिकाएँ, नदी की धारा का रास्ता बदलकर खेतों में सिंचाई के लिए बनाई हैं। पश्चिमी भारत, विशेषकर राजस्थान में पीने का जल एकत्रित करने के लिए 'छत वर्षा जल संग्रहण' का तरीका आम था। पश्चिम बंगाल में बाढ़ के मैदान में लोग अपने खेतों की सिंचाई के लिए बाढ़ जल वाहिकाएँ बनाते थे। शुष्क और अर्धशुष्क क्षेत्रों में खेतों में वर्षा जल एकत्रित करने के लिए गड्ढे बनाए जाते थे ताकि मृदा को सिंचित किया जा सके और संरक्षित जल को खेती के लिए उपयोग में लाया जा सके। राजस्थान के जिले जैसलमेर में 'खादीन' और अन्य क्षेत्रों में 'जोहड़' इसके उदाहरण हैं।

(I) जल संचयन प्रणाली एक लाभप्रद विकल्प क्यों है ? **1**

(II) 'छत वर्षा जल संग्रहण' की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए। **1**

(III) जल संरक्षण के लिए प्राचीन भारत में अपनाई गई किन्हीं दो विधियों का उल्लेख कीजिए। **2**

**35.** **दिए गए स्रोत को पढ़िए और नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

**भारत की भाषायी विविधता**

भारत में कितनी भाषाएँ हैं ? इसका जवाब इस बात पर निर्भर करता है कि आप भाषाओं की गिनती किस तरह करते हैं। इस बारे में अधिकृत नवीनतम सूचना 2011 की जनगणना के आँकड़ों से हासिल होती है। इस जनगणना में लोगों ने 1300 से ज़्यादा अलग-अलग भाषाओं को अपनी मातृभाषा के रूप में दर्ज कराया था। इन भाषाओं को कुछ प्रमुख भाषाओं के साथ समूहबद्ध कर दिया जाता है। जैसे – भोजपुरी, मगधी, बुंदेलखंडी, छत्तीसगढ़ी, राजस्थानी और ऐसी ही दूसरी भाषाओं को हिंदी के अंदर जोड़ लिया जाता है। ऐसी समूहबद्धता के बाद भी जनगणना में 121 प्रमुख भाषाएँ पाई गईं। इनमें से 22 भाषाओं को भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में रखा गया है और इसी कारण इन्हें अनुसूचित भाषाएं कहा जाता है। बाकी को गैर-अनुसूचित भाषा कहते हैं। भाषा के हिसाब से भारत दुनिया का संभवतः सबसे ज़्यादा विविधता वाला देश है।



https://www.evidyarthi.in/

## SECTION – E

**(Case Based/Source Based Questions)** **(3×4=12)**

**34. Read the given source and answer the questions that follow :**

**RAINWATER HARVESTING**

Many thought that given the disadvantages and rising resistance against the multi purpose projects, water harvesting system was a viable alternative, both socio-economically and environmentally. In ancient India, along with the sophisticated hydraulic structures, there existed an extraordinary tradition of water harvesting system. People had in-depth knowledge of rainfall regimes and soil types and developed wide ranging techniques to harvest rainwater, groundwater, river water and flood water in keeping with the local ecological conditions and their water needs. In hill and mountainous regions, people built diversion channels like the 'guls' or 'kuls' of the Western Himalayas for agriculture. 'Rooftop rainwater harvesting' was commonly practised to store drinking water, particularly in Rajasthan. In the flood plains of Bengal, people developed inundation channels to irrigate their fields. In arid and semi-arid regions, agricultural fields were converted into rain fed storage structures that allowed the water to stand and moisten the soil like the 'khadins' in Jaisalmer and 'Johads' in other parts of Rajasthan.

(I) Why is water harvesting system a viable alternative ? **1**

(II) Describe the process of 'rooftop rainwater harvesting.' **1**

(III) Mention any two methods adopted by ancient India for water conservation. **2**

**35. Read the given source and answer the questions that follow :**

**Language Diversity of India**

How many languages do we have in India ? The answer depends on how one counts it. The latest information that we have is from the Census of India held in 2011. This census recorded more than 1300 distinct languages which people mentioned as their mother tongues. These languages were grouped together under some major languages. For example languages like Bhojpuri, Magadhi, Bundelkhandi, Chhattisgarhi, Rajasthani and many others were grouped together under 'Hindi'. Even after this grouping, the Census found 121 major languages. Of these 22 languages are now included in the Eighth Schedule of the Indian Constitution and are therefore called 'Scheduled Languages'. Others are called 'Non-Scheduled Languages'. In terms of languages, India is perhaps the most diverse country in the world.



https://www.evidyarthi.in/

(I) भारत में भाषायी विविधता के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए। 1

(II) अनुसूचित और गैर-अनुसूचित भाषाओं में अंतर स्पष्ट कीजिए। 1

(III) 'भाषाओं के संयोजन ने देश को एक सांस्कृतिक इकाई में एकजुट किया है।' इस कथन की उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए। 2

**36. दिए गए स्रोत को पढ़िए और नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

**अख़बार क्यों ?**

'पूना के कृष्णाजी त्रिम्बक राणाडे मराठी का एक अख़बार निकालना चाहते हैं, जिसमें स्थानीय दिलचस्पी की तमाम उपयोगी ख़बरों को जगह मिल सके। इसमें सार्वजनिक उपयोगिता, वैज्ञानिक अन्वेषण के अलावा प्राक्-विद्या, सांख्यिकी, जिज्ञासाओं, देश के विभिन्न हिस्सों के बारे में आमतौर पर, और दक्कन पर ख़ासतौर पर जानकारियाँ होंगी... ऐसे तमाम लोगों से मदद और संरक्षण का निवेदन है, जो ज्ञान के प्रसार और जनकल्याण के इच्छुक हैं।'

*बॉम्बे टेलीग्राफ़ एंड कोरियर, 6 जनवरी, 1849*

'देसी अख़बारों और राजनीतिक सभाओं की वही भूमिका होती है, जो इंग्लैण्ड के हाउस ऑफ़ कॉमन्स में विपक्ष की होती है। यानी कि वह सरकारी नीतियों की आलोचनात्मक समीक्षा कर, लोगों के हित साधने में अक्षम हिस्सों को निकालें और सुधार करें, तथा उनको तेज़ी से लागू करने का काम करें।

इन सभाओं को चाहिए कि वे देश के ख़ास मुद्दों पर नाना तरह की सूचनाएँ जमा करें और क्या संभव और वांछित सुधार हैं, वह बताएँ, इन कार्यों का काफ़ी असर होगा।'

*नेटिव ओपिनियन, 3 अप्रैल, 1870*

(I) कृष्णाजी द्वारा समाचार-पत्र प्रकाशित करने के मुख्य कारण को स्पष्ट कीजिए। 1

(II) स्थानीय समाचार-पत्र और राजनीतिक संघ के कार्य को विपक्ष की भूमिका के समान कैसे देखा गया ? 1

(III) 19वीं शताब्दी के दौरान समाचार-पत्रों की लोकप्रियता के कारणों का विश्लेषण कीजिए। 2



https://www.evidyarthi.in/

(I) Explain the importance of language diversity in India. **1**

(II) Differentiate between Scheduled and Non-Scheduled Languages. **1**

(III) 'The fusion of languages has united the country into one cultural entity.' Explain the statement with an example. **2**

**36. Read the given source and answer the questions that follow :**

**WHY NEWSPAPERS ?**

'Krishnaji Trimbuck Ranade inhabitant of Poona intends to publish a Newspaper in the Marathi Language with a view of affording useful information on every topic of local interest. It will be open for free discussion on subjects of general utility, scientific investigation and the speculations connected with the antiquities, statistics, curiosities, history and geography of the country and of the Deccan especially... the patronage and support of all interested in the diffusion of knowledge and Welfare of the People is earnestly solicited.'

*Bombay Telegraph and Courier, 6 January, 1849*

'The task of the native newspapers and political associations is identical to the role of the Opposition in the House of Commons in Parliament in England. That is of critically examining government policy to suggest improvements, by removing those parts that will not be to the benefit of the people, and also by ensuring speedy implementation. These associations ought to carefully study the particular issues, gather diverse relevant information on the nation as well as on what are the possible and desirable improvements, and this will surely earn it considerable influence.'

*Native Opinion, 3 April, 1870*

(I) Explain the main reason of publishing newspaper by Krishnaji ? **1**

(II) How was the task of native newspaper and political association seen identical to the role of opposition ? **1**

(III) Analyze the reasons of popularity of newspapers during $19^{th}$ century. **2**



https://www.evidyarthi.in/

## खण्ड – च

**(मानचित्र कौशल आधारित प्रश्न)** **(2+3=5)**

**37.** (i) भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा–मानचित्र पर दो स्थानों A और B को अंकित किया गया है। उन्हें दी गई जानकारी की सहायता से पहचानिए और उनके पास खींची गई रेखाओं पर उनके सही नाम लिखिए।

(a) वह स्थान जहां महात्मा गांधी ने नील की खेती करने वाले किसानों के लिए सत्याग्रह शुरू किया था। **1**

(b) वह स्थान जहां भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का दिसम्बर, 1920 में अधिवेशन हुआ। **1**

(ii) भारत के इसी रेखा–मानचित्र पर निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** को उपयुक्त चिह्नों से दर्शाइये और उनके नाम लिखिए:

(a) टिहरी बांध **1**

(b) नरोरा परमाणु ऊर्जा केन्द्र **1**

(c) पुणे सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क **1**

(d) हल्दिया समुद्री पत्तन **1**

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 37 के स्थान पर हैं।** **(5×1=5)**

**किन्हीं पांच के उत्तर लिखिए :**

(i) उस स्थान का नाम लिखिए, जहाँ भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का दिसम्बर, 1920 में अधिवेशन हुआ था। **1**

(ii) उस स्थान का नाम लिखिए, जहाँ महात्मा गांधी ने नील की खेती करने वाले किसानों के लिए सत्याग्रह शुरू किया था। **1**

(iii) उस राज्य का नाम लिखिए, जहाँ नरोरा परमाणु संयंत्र स्थित है। **1**

(iv) उस राज्य का नाम लिखिए, जहाँ टिहरी बांध स्थित है। **1**

(v) उस राज्य का नाम लिखिए, जहाँ मुंबई सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क स्थित है। **1**

(vi) उस राज्य का नाम लिखिए, जहां हल्दिया समुद्री पत्तन स्थित है। **1**



https://www.evidyarthi.in/

## SECTION – F
## (Map Skill Based Questions) (2+3=5)

**37.** (i) Two places A and B have been marked on the given political outline map of India. Identify them with the help of given information and write their correct names on the lines drawn near them.

(a) The place where Mahatma Gandhi started Satyagraha for Indigo peasants. **1**

(b) The place where the session of Indian National Congress held in December, 1920. **1**

(ii) On the same outline map of India locate and label any **three** of the following with suitable symbols :

(a) Tehri Dam **1**

(b) Naraura Atomic Power Station **1**

(c) Pune Software Technology Park **1**

(d) Haldia Sea Port **1**

**Note : The following questions are only for the Visually Impaired Candidates in lieu of question no. 37.** **(5×1=5)**

**ATTEMPT ANY FIVE :**

(i) Name the place where the session of Indian National Congress was held in December, 1920. **1**

(ii) Name the place where Mahatma Gandhi started Satyagraha for Indigo peasants. **1**

(iii) Name the State where Naraura Nuclear Plant is located. **1**

(iv) Name the State where Tehri Dam is located. **1**

(v) Name the State where Mumbai Software Technology Park is located. **1**

(vi) Name the State where Haldia Sea Port is located. **1**




https://www.evidyarthi.in/

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न सं. 37 के लिए मानचित्र

**Map for Q. No. 37**




- - - Cut Here - - - यहाँ से काटें - - - Cut Here - - - यहाँ से काटें - - -



https://www.evidyarthi.in/

https://www.evidyarthi.in/